मुख्यमंत्री ने ‘छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना’ का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

7 अक्तूबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ‘छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना’का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को घर से कॉलेज आने-जाने के लिये निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर अमल करते हुए इस योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना से कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ होगा।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय कॉलेजों और राजकीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले 01 लाख से ज़्यादा नियमित विद्यार्थियों को लाभ होगा।
- इस योजना पर लगभग 110 करोड़ रुपए का आर्थिक व्ययभार आएगा, इसमें से आधा भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा एवं आधा व्यय बस संचालकों द्वारा छूट के तौर पर वहन किया जाएगा।
- इस योजना का लाभ उठाने के लिये छात्र वेबसाईट पर कॉलेज और रूट के साथ बस पास के लिये आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज लॉग इन कर सभी विवरणों की जाँच के पश्चात् आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकार करेगा। स्वीकृत छात्र लॉग इन कर क्यूआर कोड युक्त अपना बस पास डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं। बस कंडेक्टर द्वारा पास की जाँचकर घर से महाविद्यालय, महाविद्यालय से घर ले जाया जाएगा।
- ‘छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना’के तहत छात्रों को घर से महाविद्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी। निःशुल्क परिवहन से छात्रों को उच्चशिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। यह योजना छात्रों के लिये आर्थिक रूप से भी मददगार होगी। यह योजना छात्रों के समय की बचत करेगी और छात्रों के बीच सामाजिक समावेश को बढ़ावा देगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launches-chhattisgarh-yuva-mitan-parivahan-yojana